भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2893

जिसका उत्तर 05.12.2019 को दिया जाना है

एनएच-66 पर दो-लेन की परियोजना

2893. श्री सी॰ एन॰ अन्नादुरईः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-66 (नई संख्या 77) के टिंडीवनम-कृष्णगिरि खंड पर दो-लेन बनाने के कार्य की प्रगति बहुत धीमी है तथा इससे लोगों को कई वर्षों से असुविधा हो रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त सड़क, जो लाखों तीर्थ यात्रियों के आकर्षण स्थल तिरुवन्ननम्मलाई के लिए मुख्य संपर्क सड़क है, पर कार्य में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) उक्त परियोजना के कब तक पूर्ण होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): पूर्व में तमिलनाडु के रारा-66 (नया रारा-77) के टिंडीवनम-कृष्णगिरि खंड पर दो-लेन बनाने के कार्य रियायतग्राही (मैसर्स ट्रांसस्टोरी कृष्णागिरि - टिंडीवनम राजमार्ग प्राइवेट लिमिटेड) को दिया गया था और 15.04.2014 को पूरा करने की निर्धारित तिथि के साथ 16.04.2012 से कार्य शुरू हुआ था। तथापि, रियायतग्राही के चूक के कारण परियोजना को 03.04.2019 को समाप्त कर दिया गया। इस परियोजना के बचे हुए कार्य को 29.05.2019 को इसके प्रारंभ की तिथि से 20 महीने में पूरा करने के निर्धारित अवधि के साथ मैसर्स एस.पी.के. एंड कंपनी को पुन: सौंपा गया था।

*****